दिनांक: 09 मई, 2023

दिनांक 25 से 28 जुलाई, 2023 तक आयोजित फूड एंड होटल शो, इंडोनेशिया में एपीडा की भागीदारी

प्रिय निर्यातक,

जैसा कि आपको विदित है **कि फूड एंड होटल शो, इंडोनेशिया** एक अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मेला है जिसे दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र में सबसे बड़े एवं विशिष्ट मेले में से एक माना जाता है। यह अखिल विश्व के कृषि उत्पादों के आयातकों एवं निर्यातकों के बीच काफी लोकप्रिय है। यह महत्वपूर्ण व्यापार इवेंट विविध राष्ट्रीयताओं के भागीदारों के गुट को भी आकर्षित करता है। विश्व के लगभग हर देश के प्रदर्शक एवं आगंतुक सीमा पार व्यापार करने तथा व्यापार क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय संपर्क स्थापित करने के लिए यहां सम्मिलित होते हैं।

आयोजन के महत्व को ध्यान में रखते हुए, एपीडा द्वारा कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए भारत के प्रमुख निर्यातकों के साथ अपनी भागीदारी दर्ज की जा रही है। फूड एंड होटल शो, इंडोनेशिया दिनांक 25 से 28 जुलाई, 2023 तक जकार्ता इंटरनेशनल एक्सपो, केमायोरन, इंडोनेशिया में आयोजित किया जाएगा। एपीडा ने विभिन्न खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारतीय पवेलियन के डिजाइन एवं विकास के लिए 234 वर्ग मीटर क्षेत्र बुक किया है। अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष होने के चलते, बाजरा एवं इसके मूल्य वर्धित उत्पादों पर भी ध्यान दिया जाएगा।

भारतीय पवेलियन में प्रत्येक 9 वर्ग मीटर के लगभग 22 स्टॉल होंगे। एपीडा भारतीय पवेलियन के तहत फूड एंड होटल शो, इंडोनेशिया में भागीदारी दर्ज करने के लिए पंजीकृत सदस्य निर्यातकों से आवेदन आमंत्रित करता है। 9 वर्ग मीटर निर्मित स्टॉल के लिए योगदान रु2,00,000/- है। कॉर्नर स्टॉल के लिए 10% अतिरिक्त योगदान होगा।

एपीडा पंजीकृत सदस्य निर्यातक भागीदारी के लिए भुगतान के साथ निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन भेजें। इवेंट में भाग लेने के अनुरोध पर दिनांक 31/05/2023 को शाम 5:00 बजे तक विचार किया जाएगा। यदि आवेदक स्टॉल की उपलब्धता से अधिक हैं तो सभी तरह से पूर्ण आवेदनों की जांच के बाद और इस आयोजन के लिए पात्र उत्पादों के अनुसार ड्रा के माध्यम से आबंटन किया जाएगा।

भागीदारी योगदान हेतु किए गए भुगतान के प्रमाण के साथ निर्धारित आवेदन प्रपत्र के अनुसार भाग लेने का अनुरोध ईमेल के माध्यम से श्री मान प्रकाश विजय, उप महाप्रबंधक, एपीडा, संपर्क नं.: 9654360533, ईमेल: mpviiay@apeda.gov.in पर भेजा जा सकता है।

धन्यवाद,

भवदीय,

वी के विद्यार्थी
महाप्रबंधक

आवेदन प्रपत्र संलग्न है।

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद
निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा)

एपीडा, तीसरी मंजिल, एन.सी.यू.आई. बिल्डिंग , 3 सीरी सांस्थानिक क्षेत्र , अगस्त क्रांति मार्ग, (खेल गांव के सामने)
नई दिल्ली – 110016, फोन-011-26513204/26513219/2651

भागीदारी के लिए आवेदन प्रपत्र

मेले/प्रदर्शनी का नाम	**फूड एंड होटल शो, इंडोनेशिया**
मेले/प्रदर्शनी की तिथि	**दिनांक 25 – 28 जुलाई, 2023**
एपीडा पंजीकरण (आरसीएमसी) संख्या	
कंपनी का नाम	
पूरा पता : शहर : राज्य : दूरभाष : ईमेल : मोबाइल नं. : वेबसाइट (यदि कोई हो):	
प्रमुख कार्यपालक का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नं.	
निर्यातक का प्रकार: विनिर्माता / व्यापारी	
उत्पाद श्रेणी	
उत्पाद विवरण	
वर्ष 2022-23 में कंपनी का निर्यात टर्नओवर	रुपये में
संगठन की गतिविधियाँ	

<u>भुगतान विवरण</u>

भारतीय रुपये में निम्नलिखित बैंक खाते में ऑनलाइन मोड के माध्यम से भुगतान किया सकता है:

1. बैंक का नाम: भारतीय स्टेट बैंक
2. बैंक खाता सं.: 57022180304
3. आईएफएससी कोड: SBIN0007407
4. राशि रुपये में: ---------------------

भुगतान विवरण के साथ भरा हुआ आवेदन प्रपत्र दिनांक 31.05.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक एपीडा, नई दिल्ली को भेजा जा सकता है।

मोबाइल ________________________ ई-मेल ________________________________

दिनांक: ____/ / _____________ आवेदक के हस्ताक्षर और मुहर: ____________________________